>

Title: Regarding the telecast of a CD depicting the Hindu deities in a derogatory manner in Uttar Pradesh, Delhi and other parts of the Country.

श्री संतोष गंगवार (बरेली): सभापति महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय सदन में उठाना चाहता हूं। हमारी धार्मिक आस्थाओं पर देश के विभिन्न भागों में एक सीडी चलायी जा रही है जिसमें भगवान राम के चरित्र के बारे में बहुत ही खराब शब्दों का प्रयोग किया गया है। हमारे सदन के बसपा के एक संसद सदस्य इसे स्वीकार कर रहे हैं कि इसमें भगवान राम को दलित विरोधी और पता नहीं क्या-क्या कहा गया है। इस संबंध में लोगों में काफी रोष व्याप्त है। केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, दिल्ली और अन्य स्थानों पर इस प्रकार की सीडी वितरित की जा रही है।

मेरा आपसे आग्रह है कि केन्द्र सरकार इसमें हस्तक्षेप करे, दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करे और इसकी सीबीआई जांच कराये जिससे वास्तविकता सामने आये। क्योंकि उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री द्वारा इस बारे में विपरीत बातें कही जा रही हैं। मेरा आग्रह है कि हिन्दू धार्मिक भावनाओं पर आघात न हो, इस बात को ध्यान में रखा जाये।